कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,चम्पावत

& Fax No. 05965–230034

E-Mail : eechampawat@rediffmail.com E-Mail : eechampawat@gmail.com

पत्रांक :– 2295 / 2 ली   दिनांक :–27/07/2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग चम्पावत।

विषयः– **जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बिरमोला–रायल मोटर मार्ग का नव निर्माण प्रस्ताव संख्या (FP/UK/ROAD/18062/2016)**

संदर्भः– **भारत सरकार का पत्रांक–** 8बी/UCP/06/118/2016/FC /509 दिनांक 14.07.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित भारत सरंकार के पत्रॉक 8बी/UCP/06/118/2016/FC /509 दिनांक 14.07.2023 दिनांक 26.09.2022 के द्वारा 1 नं0 विन्दु पर आख्या चाही गई है,जिसके अनुपालन में सूचना निम्नवत हैः–

राज्य सरकार द्वारा आनलाईन पोटल पर अपलोड की गई के0एम0 एल0फाईल के अवलोकन उपरान्त वैकल्पिक समरेखण अधिक उपयुक्त प्रतीत हो रहा है। अतः राज्य सरकार इस पर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन प्रेषित करने का कष्ट करें	1– क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार प्रस्तावित समरेखण का ग्रेड विभागीय मानकों के अनुसार बैकल्पिक समरेखण से अधिक उपयुक्त है। 2–इसके अलावा वैकल्विपक समरेखण की लम्बाई प्रस्तावित समरेखण से 1 किमी0 अधिक है व बैकल्पिक समरेखण में प्रस्तावित समरेखण से 4 अधिक एच0पी0बैण्ड आ रहे है जिस कारण प्रस्तावित समरेखण वैकल्पिक समरेखण से अधिक अपयुक्त है। 3– वैकल्पिक समरेखण में प्रस्तावित समरेखण से 44 अधिक वृक्षों का पातन होगा। 4– सम्भावित समरेखण का तुल्नात्मक विवरण प्रस्ताव के संलग्नक 2.4 में दर्शाया गया है। 5– वैकल्पिक समरेखण में कई भागों में स्लिप आने की सम्भावना है। 6– भूवैज्ञानिक टिप्पणी में भी वैकन्पिक समरेखण में कृषि होने के कारण ग्रामवासियों द्वारा आपत्तियों का उल्लेख किया गया है। 7– उक्त प्रस्ताव में समरेखण से सम्बंधित तुनात्मक विवरण संलग्नक 2.4 कर प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रहीं है।

अतः अनुरोध है कि उक्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित करने का कष्ट करें।

सहायक अभियंता
प्रा0ख0, लो0नि0वि0,चम्पावत

अधिशासी अभियंता
प्रा0ख0, लो0नि0वि0,चम्पावत

जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र चम्पावत में माननीय मुख्य मंत्री जी की घोषणा के अन्तर्गत विरमोला–रायल मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित लम्बाई 5.00 किमी0 सड़क संरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

1. प्रस्तावना :

प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत के अधीन विरमोला–रायल मोटर मार्ग का निर्माण करना प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत के द्वारा किये गये अनुरोध पर स्थल निरीक्षण दिनाँक 20/11/2015 को ई0 अनुपम राय, सहायक अभियन्ता एवं ई0 आर0 एस0 मेहता, कनिष्ठ अभियंता की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया। स्थल का निरीक्षण–स्थल की संरचना, बनावट, भूकम्पीय एवं भूगर्भीय एवं पर्यावरण पारिस्थितिकी के अध्ययन हेतु किया गया ताकि प्रस्तावित भू भाग में मोटर मार्ग के निर्माण हेतु आवश्यक सुझाव दिये जा सके।

2. स्थिति :

प्रस्तावित सड़क संरेखन मंच तामली–एस0एस0बी0 कैम्प विरमोला मोटर मार्ग के किमी0 2.00 के हेक्टा 8–10 से प्रारम्भ होता है एवं 3.825 किमी० पर रायल गाँव पर समाप्त होता है।

3. भूगर्भीय स्थिति :

प्रस्तावित सड़क संरेखन, सैन्ट्रल हिमालयन सेक्टर के मध्य हिमालय कुमायूँ क्षेत्र में स्थित है। प्रस्तावित सडक संरेखन के भू–भाग में रामगढ़ समूह गोरखनाथ फारमेशन की चट्टानें दृष्टिगोचर होती हैं जो थिन बेडेड क्वार्टजाइ

सत्यापित प्रतिलिपि

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो० नि० वि०
चम्पावत (उत्तराखण्ड)

Attachment - 2.28

कार्बोनेसियस फिलाइट, गारनेटीफेरस क्लोराइट सिस्ट तथा सैण्डी फिलाइट के साथ इण्टरबेडेड हैं। इन चट्टानों पर किया गया भूगर्भीय अध्ययन इस प्रकार है।

(1) 100–280	पूर्व दक्षिण पूर्व–पश्चिम उत्तर पश्चिम	55° उत्तर पूर्व उत्तर	नति
(2) 080–260	पूर्व उत्तर पूर्व–पश्चिम दक्षिण पश्चिम	48° उत्तर पश्चिम उत्तर	नति
(3) 090–270	पूर्व–पश्चिम	46° उत्तर	नति
(4) 130–310	दक्षिण पूर्व–उत्तर पश्चिम	58° उत्तर पूर्व	नति
(5) 150–330	दक्षिण पूर्व–उत्तर पश्चिम	52° उत्तर पूर्व	नति
(6) 100–280	पूर्व दक्षिण पूर्व–पश्चिम उत्तर पश्चिम	48° उत्तर पूर्व उत्तर	नति
(7) 120–300	उत्तर पूर्व–दक्षिण पश्चिम	38° उत्तर पूर्व	नति
(8) 020–200	उत्तर पूर्व–दक्षिण पश्चिम	80° दक्षिण पूर्व	ज्वाइन्ट प्लेन
(9) 170–350	दक्षिण पूर्व दक्षिण–उत्तर पश्चिम उत्तर	84° पश्चिम दक्षिण पश्चिम	ज्वाइन्ट प्लेन
(10) 020–200	उत्तर पूर्व–दक्षिण पश्चिम	84° दक्षिण पूर्व	ज्वाइन्ट प्लेन
(11) 090–270	पूर्व–पश्चिम	55° उत्तर	ज्वाइन्ट प्लेन
(12) 090–270	पूर्व–पश्चिम	40° दक्षिण	ज्वाइन्ट प्लेन
(13) 040–220	उत्तर पूर्व–दक्षिण पश्चिम	75° उत्तर पश्चिम	ज्वाइन्ट प्लेन
(14) 140–320	दक्षिण पूर्व–उत्तर पश्चिम	38° दक्षिण पश्चिम	ज्वाइन्ट प्लेन

उपरोक्त अध्ययन से ज्ञात होता है कि सडक संरेखन के भू–भाग में स्थित चट्टानें 38° से 55° के मध्य उत्तर से उत्तर पूर्व दिशा की ओर झुकी हैं एवं चट्टानों पर 4 सेट से अधिक ज्वाइन्ट प्लेन्स विकसित हुए हैं।

4. स्थल वर्णन :

प्रस्तावित सडक संरेखन मंच–तामली मोटर मार्ग से एस0एस0बी0 कैम्प विरमोला मोटर मार्ग के किमी0 2.00 के हेक्टा 8–10 से प्रारम्भ होता है। यह संरेखन पहाडी के दक्षिण पूर्वी–दक्षिण पश्चिमी ढलान पर प्रस्तावित है। यह ढलान क्षेत्र सामान्य/मध्यम से उच्च पहाडी ढलान की श्रेणी के अन्तर्गत है। यह संरेखन अन्त मे रायल गॉव के उपर की ओर स्थित खेतों पर समाप्त होता है। इस सम्पूर्ण संरेखन में 3 सूखे नाले विद्यमान हैं। यह संरेखन पंचायती वन, निजी नाप भूमि एवं निजी बंजर भूमि पर प्रस्तावित है। सड़क संरेखन का ग्रेडिएन्ट 0.000–1.025 किमी0 तक 1:20 के फाल, 1.025–1.050 किमी0 तक लेवल, 1.050–1.175 किमी0 तक 1:20 के फाल, 1.175–1.600 किमी0 तक 1:17 के फाल, 1.600–1.675 तक लेवल, 1.675–1.825 किमी0 तक 1:20 के फाल, 1.825–1.850 किमी0 तक लेवल, 1.850–1.900 किमी0 तक 1:12 के फाल, 1.900–1.925 किमी0 तक 1:24 के फाल, 1.925–2.025 किमी तक 1:15 के फाल, 2.025–2.175 किमी0 तक 1:20 के फाल, 2.175–2.325 किमी0 तक 1:17 के फाल, 2.325–2.925 किमी तक 1:20 के फाल, 2.925–3.075 किमी0 तक 1:17 के फाल तथा 3.075–3.825 किमी0 तक 1:24 के फाल में प्रस्तावित है। सडक संरेखन के भाग में 3 हेयर पिन वैण्ड्स किमी0 1.050,

[illegible]

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो० नि० वि०
चम्पावत (उत्तराखण्ड)

Annexure-2.4

किमी0 1.675 तथा किमी0 1.850 पर प्रस्तावित है। प्रस्तावित भू-भाग की भूगर्भीय स्ट्रेटीग्राफी इस प्रकार है।

मिट्टी की परत
डेब्रिस
ग्रीन फिलाइट
सैण्डी फिलाइट
कार्बोनेशियस फिलाइट
क्वार्ट्जाइट
गारनेटीफेरस सिस्ट
क्वार्ट्जाइट
सैण्डी फिलाइट

5. स्थाईत्व का विचार :

प्रस्तावित सड़क संरेखन के भू-भाग की संरचना, बनावट, भूकम्पीय एवं भूगर्भीय एवं पर्यावरण पारिस्थितिकी को देखते हुए मोटर मार्ग के स्थाईत्व हेतु निम्न लिखित बिन्दुओं पर विचार करना आवश्यक है।

1. यह सड़क संरेखन मध्य हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में प्रस्तावित है।
2. प्रस्तावित संरेखन में 3 सूखे नाले हैं।
3. पहाड़ी ढलान सामान्य से मध्यम एवं उच्च ढलान श्रेणी के अन्तर्गत है।
4. संरेखन का भाग वन भूमि पंचायती, निजी नाप भूमि एवं निजी बंजर भूमि पर प्रस्तावित है।
5. भूकम्प की दृष्टि से प्रस्तावित भू-भाग जोन IV के अर्न्तगत है।
6. सड़क संरेखन का ग्रेडिएन्ट 1:20 के फाल, 1:14 के फाल, 1:12 के फाल, 1:15 के फाल, 1:24 के फाल एवं लेवल में प्रस्तावित है।
7. संरेखन का कुछ भाग कृषि भूमि से होकर भी गुजरता है।
8. इस संरेखन में स्थित अधिकांश चट्टानें क्वार्ट्जाइट तथा सैन्डी फिलाइट की हैं।
9. इस सड़क संरेखन में 6 हेयर पिन बैण्ड्स भी प्रस्तावित हैं।

6. सुझाव :

प्रति प्रमाणित
[signature]
सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो० नि० वि०
चम्पावत (उत्तराखण्ड)

उपरोक्त सडक संरेखन के भू–भाग की बनावट, संरचना, भूगर्भीय, भूकम्पीय एवं पर्यावरण पारिस्थितिकी के अध्ययन के पश्चात मोटर मार्ग के निर्माण हेतु निम्न लिखित सुझाव दिये जाते हैं।

1. सूखे नालों पर स्कपर / डबल स्कपर का निर्माण किया जाय।
2. पहाडी की ओर नालियों का निर्माण किया जाय।
3. भूकम्पीय मानकों के अनुरूप उपाय किये जाय।
4. आवश्यकतानुसार ब्रेस्टवाल का निर्माण किया जाय।
5. गाव के आस पास मार्ग निर्माण के समय विस्फोटक सामग्री का उपयोग न किया जाय।
6. हेयर पिन वैण्ड्स को मानकों के अनुरुप निर्मित किया जाय।
7. यह संरेखन 3.825 किमी0 की लम्बाई में रायल गॉव पर पहुँच जाता है इस लिए मोटर मार्ग का निर्माण 3.825 किमी0 की ही लम्बाई में किया जाय।
8. पर्वतीय क्षेत्रों में बनने वाले मोटर मार्गों के निर्माण के लिए निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के मानकों एवं विशिष्टियों का पालन किया जाय।

7.निष्कर्ष:

उपरोक्त वर्णित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए विरमोला–रायल मोटर मार्ग का 5.00 किमी0 के स्थान पर 3.825 किमी0 की लम्बाई में निर्माण करना उपयुक्त प्रतीत होता है।

टिप्पणी : सडक संरेखन स्थल के निरीक्षण के समय उपरोक्त बिन्दुओं पर सम्बन्धित अधिकारियों से विस्तृत विचार विमर्श किया गया। एक अन्य संरेखन का भी अध्ययन किया गया जो पहले हेयर पिन बैन्ड के पश्चात पंचायती वन से होकर गॉव की ओर स्थित खेतों से होकर रायल गॉव पर पहुँचता है। इस संरेखन के भाग में कृषि भूमि होने के कारण ग्रामवासियों द्वारा आपत्ति की गई है इसलिए उपयुक्त नहीं पाया गया।

डा0 आर0सी0 उपाध्याय
(डा0 आर.सी. उपाध्याय)
भू-वैज्ञानिक
हिमाद्री-भ्यु, रानीधारा टाप
अल्मोड़ा 263601 (उत्तराखण्ड)

प्रति प्रमाणित

सहायक अभियन्ता
... खण्ड, लो. नि. वि.
चम्पावत (उत्तराखण्ड)

Attachement-24

परियोजना विवरण :– जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अर्न्तगत विरमोला-- रायल मोटर मार्ग का नव निर्माण।

S. N.	Parameters	Alignment-1	Alignment-2
1.	Technically	इस समरेखण की लं0 4.00 कि.मी. है तथा मार्ग 1:20, 1:17, Lvl F के ग्रेड पर निर्माण किया जाना है	इस समरेखण की लं0 5.00 कि.मी. है तथा मार्ग 1:20, 1:17, Lvl R&F के ग्रेड पर निर्माण किया जाना है इस कारण मोटर मार्ग टैक्निकली रूप से सही नहीं है।
2.	Geographically	भूवैज्ञानिक दृष्टि से मार्ग ज्यादातर कठोर चट्टान से होकर गुजरता है। कठोर चट्टान आने के कारण ज्यादातर मलवा मार्ग निर्माण में प्रयोग किया जा रहा है जिससे मलुवा वनभूमि में नहीं गिरेगा एवं भविष्य में स्लिप जोन बनने की संभावना भी कम रहेगी। स्लिप जोन न बनने के कारण भी वन सम्पदा नुकसान नहीं होगा व मोटर मार्ग भी स्टैबल रहेगा।	मार्ग का अधिकतर भाग में वन सम्पदा है एवं कठोर चट्टान कम लं0 में आने के कारण भविष्य में स्लिप आने के कारण वन सम्पदा अधिक नुकसान पहुंचेगा एवं मलवा खड्ड तथा मलवा भी खड्ड साईड में भी अधिक गिरने की संभावना बनी रहेगी। भूवैज्ञानिक दृष्टि से यह समरेखण सुरक्षित Safe नहीं है एवं वन सम्पदा को अधिक नुकसान पहुंचेगा।
3.	Economic	मार्ग की लं0 4.00 कि.मी. है जिससे मार्ग की निर्माण लागत कम आती है।	मार्ग की लं0 5.00 कि.मी. है। जिससे मोटर मार्ग की निर्माण की लागत भी अधिक आती है। अधिक लम्बाई होने के कारण अधिक वनभूमि प्रभावित होगी।
4.	Environmentally	मार्ग में 400.मी. नाप लैण्ड में है। 3600मी. में सिविल एंव सोयम भूमि आती है। इस समरेखण में पेड़ों की सं0 56 है जिनका पातन होना है। इस समरेखण में कम वनभूमि आती है। अतः कम वनभूमि समरेखण में प्रभावित हो रही है।	नाप लैण्ड में100 मी0 एवं 3900मी में सिविल भूमि आती है। इस समरेखण में पेड़ों की सं0 लगभग 102 है, इस में समरेखन न0–1 की अपेक्षा वृक्ष अधिक पड़ते है। अत यह समरेखण उपयुक्त नहीं है।
5.	Socially	विरमोला–110तथारायल–185कुल जनसंख्या – 295 इस मोटर मार्ग से संयोजित हो रहे हैं। इस समरेरखण में कम लम्बाई आने के कारण ग्रामवासी जनपद मुख्यालय चम्पावत से जुड़ जायेंगे।	विरमोला–110तथा रायल–185, कुल जनसंख्या – 295 इस मोटर मार्ग से संयोजित हो रहे हैं। इस समरेखण में ज्यादा वृक्ष व अधिक लम्बाई आने के कारण काफी वनसम्पदा एवं औषधी वृक्षों का नुकसान हो रहा है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चम्पावत

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चम्पावत

परियोजना का नाम :-

A Hachement-2.4

Construction of Birmola-Rayal Motor Road

Performa for comparison between identified alignments

Sl.No	Variables	Alignment No-1	Alignment No-2
1	Topography	Starting from km. 02 of Tamli-Birmola Motor road	Starting from km. 02 of Tamli-Birmola Motor road
2	Length of Road	4.00	5.00
3	Bridging requirement No. and Length	No Bridges required	No Bridge requirement
4	Geometric		
	(a) Gradients	Level 1:17, 1:20, 1:24 F	Levle 1:17, 1:20, 1:24 R and F
	(b) Curves, H.P Bends	03 No.	07 No.
5	Existing Means of communication, mule path, jeep, Tracks etc.	Foot Tracks	Foot Tracks
6	Right of way, bringing out, construction on account of built up areas, monuments and other structures.	9 mtr, No such Construction involved	9 mtr, No such Construction involved
7	(a) Terrain &Soil Condition.	Rock, Earth & Boulder & Agriculture Land	Rock, Earth & Boulder & Agriculture Land
	(vi) Cliffs and gorges.(vii) Drainage characteristics of the area including supceptibility to flooding .(viii) General elevation of the road indicating maximum and minimum height negotiated by main ascends and discends.(ix) Variations extants and types.	vi- Nil vii- 10 drainage, viii- Max 1143.00 Mtr. & Min 1020.00 Mtr. ix - Nil	vi- Nil vii- 15 drainage, viii- Nax 1143.00 Mtr. & Min 1021.00 Mtr. ix - Nil
8.	Climate Condition:(a) Temperature Monthly max. & min. reading.(b) Rainfall data average annual peak intensities monthly distribution (to the extent available) .(c) Snowfall data average annual peak intensities monthly distribution (to the extent available) .(d) Wind direction and velocities.(e) Fog Condition.(f) Exposure to sun.(g) Unusual weather condition like cloud brust etc.	A-35^{0} C & 14^{0} C B- Not available C- Nil D- E-W Av. 10km./Hr. E- Normal in winter F- 8 Hours G- No	A-35^{0} C & 14^{0} C B- Not available C- Nil D- E-W Av. 10Km./Hr. E- Normal in winter F- 8 Hours G- No
9.	Facilities resources. (a) Landing ground. (b) Dropping Zone. (c) Food stuffs. (d) Labour local availability and need for import. (e) Construction material (Timber, Bamboo, Sand, Stone, Shingle etc. extent of their availability and lead involved.	A- Rayal B- Rayal, Danga C- Wheat, Paddy, Vegetables & Fruits D- Locally & Nepali Avaible E- Stone, Loacl sand	A- Rayal B- Rayal, Danga C- Wheat, Paddy, Vegetables & Fruits D- Locally & Nepali Avaible E- Stone, Loacl sand

A- 2.4

10.	Value of land, agricultural land, Irrigated land, bult up land, forest land etc,	Aggriculture- 4.56 Lac & Forest land- 33.23 Lac	Aggriculture- 3.65 Lac & Forest land- 38.08 Lac
11.	Approximate Const. Cost.	Rs. 178.00 Lacs	Rs. Lacs 280.00
12.	Access point indicating possibility of induction of equipment.	Access point is at Birmola, Rayal & Danga	Access point is at Birmola, Rayal & Danga
13.	Period required for construction.	1 Year	1 Year
14.	Strategic Consideration.	Better Communication & conveyance	Better Communication & conveyance
15.	Important villages, towns and markets centers to be connected.	District Headquater, Champawat	District Headquater, Champawat
16.	Recreational potential.	Good	Fair
17.	Economic Factors: (a) Population served by the alignment. (b) Agricultures and economic potential of the area.	A- 295 B- Good	A- 295 B- Fair
18.	other major development projects being taken up electric projects etc.	Nil	Nil
19.	(i) Misc. Such as camping sites (ii) Law and other problem (iii) Royalty	I –Camping II- Nil III- --	I –Camping II- Nil III- --
	(iv) Availability of contractors for collection and carriage of construction material (v) working period available for construction of work.	(iv) Easily available (v) One Year	(iv) Easily available (v) One Yeat
20.	Total No. of trees to be removed .	58 No.	102 No.
21.	Average Density of forest cover .	-	-
22.	Total No. of Merits	Employment, Road Connectivity, Better Communication, Better Life Style	Employment, Road Connectivity, Better Communication, Better Life Style
23.	Total No. of Demerits	Nil	Nil

RECOMMENDATIONS:

Alignment no. (1) Recommended for approval being more economical, useful & technically feasible.

A. Assistant. Engineer/J.E.
PD.P.W.D. Champawat

सहायक अभियन्ता
Assistant Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० चम्पावत
PD.P.W.D. Champawat

अधिशासी अभियन्ता
Executive Engineer
प्रा०ख०लो०नि०वि० चम्पावत
PD.P.W.D. Champawat

....

Note - Signature and approval of the concerned DFO is essential.

Attachement-24

परियोजना विवरण :– जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अर्न्तगत विरमोला– रायल मोटर मार्ग का नव निर्माण।

चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र चम्पावत के अर्न्तगत विरमोला–रायल मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2 समरेखन देखे गये जो निम्न प्रकार हैं –

समरेखन नं0 1 – यह समरेखन चम्पावत–मंच–तामली मोटर मार्ग के विरमोला नामक स्थान से प्रारम्भ होता है। इस समरेखन के प्रारम्भ में सिविल एवं नाप भूमि प्रभावित हो रही है। तत्पश्चात मोटर मार्ग में नाप, सिविल भूमि प्रभावित हो रही है। इस समरेखन से ग्राम विरमोला एवं रायल ग्राम मोटर मार्ग से जुड़ रहे हैं। इस समरेखन में मात्र **58** वृक्ष विभिन्न प्रजाति के प्रभावित हो रहे हैं। इस समरेखन में कोई भी हेयरपिन बैण्ड नही पड़ रहा है तथा वनभूमि कम प्रभावित हो रही है। मार्ग का ग्रेड सही जा रहा है।

समरेखन नं0 2– यह समरेखन चम्पावत–मंच–तामली मोटर मार्ग के विरमोला नामक स्थान से प्रारम्भ होता है। इस समरेखन में 4900 सिविल एवं मात्र 100मी नाप भूमि प्रभावित हो रही है। इस समरेखन में वन भूमि अधिक लम्बाई होने के कारण इस में 102 वृक्ष अधिक प्रभावित होने के साथ–साथ प्रथम समरेखन की अपेक्षा अधिक प्रभावित हो रहे हैं तथा इस समरेखन में एक हियरपिन बैण्ड है।

अतः उपरोक्तानुसार दोनों समरेखनों में समरेखन नं0 1 उचित प्रतीत होता है इस समरेखन से मार्ग के निर्माण हेतु समस्त ग्राम वासियों द्वारा सहमति दी गई है, दोनों समरेखनो को 1:50.000 पैमाने के मानचित्र में अलग–अलग रंग से दर्शाये गये है।

सहायक अभियन्ता,
प्रा0ख0,लो0नि0वि0,
चम्पावत।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रा0ख0,लो0नि0वि0,
चम्पावत।